>

Regarding stoppage of Delhi bound trains at Sandila station.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख के सण्डीला रेलवे स्टेशन की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ। सण्डीला एक औद्योगिक क्षेत्र है तथा यहां के व्यापारियों को अपने व्यापार के संबंध में अक्सर दिल्ली आना-जाना रहता है। लेकिन सण्डीला रेलवे स्टेशन पर दिल्ली आने-जाने वाली रेल गाड़ियों का ठहराव न होने के कारण यहां के व्यापारियों को दिल्ली की यात्रा के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिस कारण सण्डीला के व्यापारी बहुमत परेशान हैं।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि सण्डीला के व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए सण्डीला से दिल्ली आने-जाने हेतु सण्डीला रेलवे स्टेशन पर सद्भावना एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित करने का कष्ट करें।